**पूर्व मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक/कार्मिक कार्यालय
दानापुर 801105

पत्रांकः– स्था./नियुक्ति/रि–इगेजमेंट/गतिशक्ति/02/2024

दिनांक 30.01.2024

# अधिसूचना

**विषयः–दानापुर मंडल/पूर्व मध्य रेलवे में सेवानिवृत्त वरीय अनुभाग अभियंता एवं कनीय अभियंता का पुर्ननियोजन।**

दानापुर मंडल/ पूर्व मध्य रेलवे में सेवानिवृत्त कर्मचारी के पुर्ननियोजन हेतु निम्नलिखित श्रेणी/ट्रेड में जिससे वे सेवानिवृत्त हैं, से विहित प्रपत्र पर पुर्ननियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:–

| क्रम सं. | विभाग का नाम | पदों का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | Engineering | SSE/Drawing | 02 |
| | | SSE/Works | 02 |
| | | SSE/P.way | 01 |
| 02 | Electrical | JE/TRD | 01 |
| | | SSE/Electrical/General | 01 |
| | | JE/Electrical/General | 01 |
| 03 | S&T | SSE/Drawing | 01 |
| | | SSE/Signal | 02 |
| | | JE/Signal | 01 |
| | | Total | 12 |

**पात्रता एवं शर्तें**

1. पूर्व मध्य रेल से SSE एवं JE (विभाग Engineering, Electrical & S&T) के पद से सेवानिवृत्त कर्मचारी आवेदन के पात्र हैं।
2. कर्मचारी, जिस पद से सेवानिवृत्त हुए हों, उसी संबंधित पद के लिए आवेदन हेतु पात्र हैं।
3. वैसे कर्मचारी, जो रेल सेवा से अनिवार्य सेवानिवृत्त, निष्कासित या बर्खास्त अथवा स्वैच्छिक सेवानिवृत्त तथा LARSGESS योजना के तहत सेवानिवृत्त हुए हों, आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं।
4. रेल सेवा में पुर्ननियोजन एक वर्ष या 65 वर्ष की उम्र तक या रेलवे भर्ती बोर्ड से उक्त पदों पर अभ्यर्थियों की नियमित उपलब्धता या अन्य किसी स्त्रोतों से प्राप्त पैनल या रेलवे बोर्ड द्वारा दिशा–निर्देश या इनमें जो पहले हो तक की लागू होगा।
5. यदि पुर्ननियोजित कर्मचारी की सेवा के दौरान उनका कार्य/आचरण किसी भी कारण से असंतोषजनक पाया जाता है तो नियंत्रक अधिकारी की अनुशंसा पर उनकी सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जाएगी।
6. पुर्ननियोजन संबंधित पद के लिए निर्धारित चिकित्सा श्रेणी में फिट पाये जाने पर ही पुर्ननियोजन होगा।
7. पुर्ननियोजित कर्मचारी को एक कैलेण्डर वर्ष में 08 दिन का अवकाश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से देय होगा।
8. पुर्ननियोजित किए गए कर्मचारियों का Monthly Remuneration का निर्धारण, Railway Board के पत्र सं. –E(NG)II/2007/RC-4/CORE/1 दिनांक 16.10.2017 के अनुसार किया जायेगा एवं अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा।
9. पुर्ननियोजन हेतु आवेदकों की उपयुक्तता एवं सक्षमता का निर्धारण विधिवत गठित समिति द्वारा की जाएगी।
10. चयनित कर्मचारियों की पदस्थापना गति शक्ति इकाई/दानापुर के अधीन सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित की जाएगी।
11. चयनित कर्मचारियों को परिणाम प्रकाशित होने के 10 कार्यदिवस के अंदर योगदान करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनका चयन निरस्त माना जाएगा।
12. पुर्ननियोजित कर्मचारी का समान्य कार्य के घंटे वही होंगे जो रेल सेवा में उसी कोटि में स्थायी रूप से कार्यरत कर्मचारियों पर लागू है।
13. प्रशासनिक आवश्यकतानरुसार पुर्ननियोजित कर्मचारियों को प्रशिक्षण/पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भी भेजा जा सकता है।

14. आवेदन के साथ निम्नलिखित कागजात/दस्तावेजों का स्व-अभिप्रमाणित प्रतियाँ अनिवार्य रूप से संलग्न करना सुनिश्चित किया जाए:-

क. सेवा प्रमाण पत्र।

ख. पेंशन पहचान पत्र।

ग. पेंशन भुगतान आदेश।

घ. अंतिक वेतन पर्ची।

ङ. बैंक पासबुक की छायाप्रति।

च. दो नवीनतम पासपोर्ट फोटो।

छ. आधार/पैन कार्ड की छायाप्रति।

ज. शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति।

15. आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि **20.02.2024** तक होगी। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

16. अपूर्ण आवेदन पर भी विचार नहीं किया जाएगा।

17. अधिसूचना दानापुर मंडल के वेबसाईट www.ecr.indianrailway.gov.in>Division>Danapur>Personnel पर भी उपलब्ध है।

18 पुर्ननियोजन पूर्णतः अस्थायी है। रेलवे प्रशासन किसी भी समय पुर्ननियोजित कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने हेतु स्वतंत्र होगा।

यह सूचित किया जाता है, कि पुर्ननियोजन हेतु इच्छुक सेवा निवृत्त कर्मचारी जो उपरोक्त अर्हता रखते हो संलग्न निर्धारित प्रोफार्मा में नियुक्ति अनुभाग, मंडल रेल प्रबंधक/कार्मिक कार्यालय, पूर्व मध्य रेल, दानापुर–801105 तक दिनांक **20.02.2024** को 18.00 बजे तक आवश्यक रूप से जमा करें/ भेजें। लिफाफे पर पुर्ननियोजन हेतु संबंधित पद का नाम आवेदन पत्र अवश्य अंकित करें। निर्धारित समय–सीमा के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्न–आवेदन प्रोफार्मा

**(सौरम सावर्ण)**
**मंडल कार्मिक अधिकारी**
**कृते मंडल रेल प्रबंधक/कार्मिक**
**पूर्व मध्य रेल/दानापुर।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

1. महाप्रबंधक/कार्मिक, पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर।
2. मुख्य प्रयोजना प्रबंधक/पूर्व मध्य रेल/दानापुर।
3. मुख्य कार्यालय अधीक्षक/मंरेप्र, मंडल रेल प्रबंधक महोदय के सादर सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यालय अधीक्षक/अमंरेप्र (इंफ्रा) एवं अमंरेप्र (ओपी) को सादर सूचनार्थ।
5. वमंविप्र/पूमरे/दानापुर।
6. डीपीआरओ/पूमरे/दानापुर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
7. सूचना बोर्ड कार्यालय मंरेप्र/कार्मिक/दानापुर।
8. कार्यालय अधीक्षक एमपीपी/दानापुर कृप्या अधिसूचना को बेवसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
9. मान्यता प्राप्त यूनियन, अजा–अजजा, आबीसी एसोसिएशन, पूर्व मध्य रेल/दानापुर।

30.1.2024

**कृते मंडल रेल प्रबंधक/कार्मिक**
**पूर्व मध्य रेल/दानापुर।**

अनुलग्नक– "A"

## पूर्व मध्य रेल

पूर्व मध्य रेल दानापुर में गति शक्ति इकाई हेतु सेवा निवृत पर्यवेक्षक कर्मचारियों के पुनः नियोजन हेतु आवेदन

(अधिसूचना सं. :– **स्था./नियुक्ति/रि–इगेजमेंट/गतिशक्ति/02/2024** **दिनांक 30.01.2024**

सेवा में,
वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय
पूर्व मध्य रेल,दानापुर
पिन कोर्ड–801105

मैं पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल इकाई में उपरोक्त अधिसूचना में उल्लेखित नियमों एवं शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक पर पुनः नियोजन करता/करती हूँ। मेरा सेवा विवरण निम्नवत है:–

1. नामः–
2. पिता/पति का नामः–
3. सेवानिवृत के समय धारित पदः–
4. किस मंडल/विभाग/यूनिट से सेवानिवृत हुएः–
5. जन्म तिथिः–
6. नियुक्ति तिथिः–
7. सेवा निवृति तिथिः–
8. शैक्षणिक योग्यताः–
9. पे0–बैण्ड/ग्रेड–पे0/पे0–लेवल(सेवानिवृति के समय):–
10. आवेदित कोटि/पद पर की गई सेवा अवधिः–
11. यदि समान्य सेवा निवृति के अलावे किसी अन्य प्रकार से सेवा निवृत हुए है तो उसका उल्लेख करें:–
12. पत्राचार का पता (पिन एवं मोबाईल नं. सहित):–
13. अंतिम अहारित मूल वेतन/वेतन बैंड/ग्रेड–पे0/पे0–लेवलः–
14. मेडिकल केटेगरीः–
15. पीपीओ नम्बरः–

संलग्न दस्तावेजः–
क. सेवा प्रमाण–पत्र/पेंशनर पहचान पत्र।
ख. पेंशन भुगतान पर्ची।
ग. अंतिम वेतन पर्ची।
घ. बैंक पास बुक की छायाप्रति।
ड. आधार एवं पैन कोर्ड की छाया प्रति।
च. शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति।
छ. नवीनतम दो पासपोर्ट साईज फोटो।

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है। यदि किसी प्रकार की गलत सूचना पाया जाता है तो मैं दंडातमक कारवाई के लिए उत्तरदायी होउँगा। मैं एतद् यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि अधिसूचना में दिये गये नियमों एवं शर्तों का निष्ठापूर्वक पालन करूँगा/करूँगी।

दिनांकः–

सेवा निवृत कर्मचारी का हस्ताक्षर

स्थानः–

नामः–

पदनामः–

कार्यालय जहाँ से सेवानिवृत्त हुए हैं का पताः–